हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर पीडब्ल्यूडी...


07 कोई नई परंमपरा शुरु नहीं होगी, सौहार्द और...


## खबर संक्षेप

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 16 को होगी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 16 मार्च को दोपहर 12:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में सीहोर जिले की अचल संपत्ति के प्रचलित गाइड लाइन वर्ष 2026-27 के पुनरीक्षित बाजार मूल्य प्रस्ताव निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### लेखन सामग्री क्रय के लिए निविदाएं आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर जिला कार्यालय एवं समस्त जिले के शासकीय कार्यालयों के उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2026-27 हेतु लेखन सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई है। इच्छुक संस्थाएं अपनी निविदाएं 23 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य शाम 5 बजे तक अधीक्षक कक्ष में रखे बॉक्स में बंद लिफाफे में 25 हजार रुपये के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ जमा करा सकते हैं। निविदा सबंधी शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे निविदाकार एवं समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

### सलकनपुर मेले में व्यवस्थाओं के लिए लगाई गई ड्यूटी

**सीहोर।** चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्री पर्व पर सलकनपुर में आयोजित होने वाले मेले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ और तहसीलदार युग्विजय यादव को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन मिलेगा


**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।


## जिले में अपर्याप्त बारिश के चलते कलेक्टर ने लिया निर्णय, नियमों के पालन के लिए सख्ती से अमल के निर्देश

# जिला 'जल अभावग्रस्त' घोषितः 31 जुलाई तक निजी नलकूप खनन प्रतिबंधित, आदेश तोड़ने पर होगी जेल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले के सीहोर, इछावर, आष्टा, बुदनी और भैरूंदा सहित सभी प्रमुख ब्लॉकों में भू-गर्भीय संरचना जल संवर्धन के अनुकूल नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले में गहराते जल संकट और गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने पूरे जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले के सीहोर, इछावर, आष्टा, बुदनी और भैरूंदा सहित सभी प्रमुख ब्लॉकों में भू-गर्भीय संरचना जल संवर्धन के अनुकूल नहीं है। रबी की फसल के दौरान बारिश (मावठ) न होने और खेती के लिए अत्यधिक पानी निकालने के कारण नलकूपों और हैंडपंपों का जल स्तर खतरनाक स्तर तक नीचे चला गया है। गर्मियों में जनता को पीने का पानी मिलता रहे, इसलिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।

**कलेक्टर ने लगाई यह पाबंदियां :** कलेक्टर द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार जिले के समस्त जल स्त्रोतों बांध, नदी, नहर, झील, जलाशय, नलकूप और कुओं का उपयोग अब केवल पीने और घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा। बिना अनुमति सिंचाई, औद्योगिक या व्यावसायिक कार्यों के लिए पानी निकालना पूरी तरह वर्जित है। जिले के शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में निजी तौर पर नए नलकूप (बोरिंग) खोदने पर धारा 6(1) के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### बोरिंग मशीनों प्रतिबंधित

कलेक्टर अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिले की सीमा में कोई भी बोरिंग मशीन संबंधित एसडीएम की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेगी। केवल उन मशीनों को छूट होगी जो सार्वजनिक सडक़ों से होकर गुजर रही हैं।

### अधिकारियों को जब्ती के अधिकार

रजस्व और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध रूप से जिले में प्रवेश करने वाली या चोरी-छिपे खनन करने वाली मशीनों को तुरंत जब्त किया जाए और संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### उल्लंघन करने पर होगी सख्त सजा

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना का उल्लंघन करता पाया गया तो मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 09 के तहत उसे 2 वर्ष तक की जेल या 2000 रुपये जुर्माना, अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। यह आदेश सीहोर शहर व ग्रामीण, श्यामपुर, आष्टा, जावर, इछावर, रेहटी, भैरूंदा और बुदनी तहसील के समस्त क्षेत्रों में प्रभावी होगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे जल संकट की गंभीरता को समझें और पानी का मितव्ययिता से उपयोग करें।

## दक्ष प्रजापति आर्मी की बैठक संपन्न, समाज की एकता के साथ ही शिक्षा पर दिया जोर





**सीहोर।** नगर में दक्ष प्रजापति आर्मी द्वारा प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण और बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के उत्थानए संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्ष प्रजापति आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति उगली रहे। इछावर पहुंचने पर समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोर सिंह प्रजापति ने की।

### शिक्षा और संगठन से ही होगा विकास

समाज को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए एकता और शिक्षा सबसे मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे समाज के विकास के लिए आगे आएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भोपाल से भंवरलाल प्रजापति, पूर्व विधानसभा सचिव एसएल प्रजापति, डॉ. गौरीशंकर प्रजापति बुजेश नगर, मोहनलाल प्रजापति बेहरावल, डॉ. कबुलचंद प्रजापति भोपाल, कैलाश नारायण पटेल और पूर्व पार्षद राधेश्याम प्रजापति उपस्थित रहे।

### अध्यक्षों ने साझा किए विचार

बैठक में राजगढ़, शाजापुर और सीहोर जिले की विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें शाजापुर जिला अध्यक्ष राजनीति विभाग ब्रजमोहन प्रजापति, कालापीपल तहसील अध्यक्ष सतीश कुमार प्रजापति एवं लखन प्रजापति व्यवसाय विभाग, आष्टा तहसील अध्यक्ष लखन प्रजापति एवं विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, सीहोर शहरी अध्यक्ष मांगीलाल प्रजापति एवं श्यामपुर अध्यक्ष संतोष प्रजापति, जावर अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, राजगढ़ जिला अध्यक्ष कृषि विभाग, केपी प्रजापति ने भी अपने विचार साझा किए। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन में इछावर तहसील अध्यक्ष संतोष प्रजापति और उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति की विशेष भूमिका रही। बैठक के अंत में समाज की उन्नति और एकजुटता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ नागरिक और युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भूमि विवाद पर युवक पर हमलाः बड़े भाई और भतीजे ने चाकू और गुप्ती से किया घायल, अस्पताल में भर्ती

**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र के भाऊंखेड़ी गांव में मकान की जमीन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर उसके बड़े भाई और भतीजे ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार भाऊंखेड़ी गांव निवासी लखनलाल का अपने छोटे भाई मनोहर वर्मा से मकान की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया।

बताया जा रहा है कि उस समय मनोहर वर्मा अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान लखनलाल और उसका बेटा कृष्णपाल वहां पहुंचे और उन्होंने मनोहर पर चाकू और गुप्ती से हमला कर दिया। हमले में मनोहर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए।



**दोनों आरोपी गिरफ्तार :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मनोहर को तुरंत इछावर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में सोमवार को केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना की जांच भी जारी है।


### स्वर्णकार समाज महिला मंडल अध्यक्ष पद पर लीना सोनी मनोनीत



**नलखेड़ा।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के श्री राधा कृष्ण मंदिर चौक बाजार पर महिला मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने नगर की महिला अध्यक्ष के पद पर लीना रितेश सोनी को सर्वानुमति से आगामी तीन वर्षों के लिए मनोनीत किया है। अध्यक्ष पद के मनोयन के साथ ही समाज की महिलाओं को विभिन्न पद के दायित्व भी सौंपे गए। जिसमे सचिव दीपिका दीपक सोनी सह सचिव सलोनी यश सोनी, कोषाध्यक्ष रजनी चेतन सोनी, सह कोषाध्यक्ष गरिमा वेदप्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष वसुंधरा निलपेश सोनी, मीडिया प्रभारी कविता संदीप सोनी, संध्या मुकेश सोनी को चुना गया। समाज की महिला मंडल के पदाधिकारियों की नियुक्ति पर स्वर्णकार समाज की जिला अध्यक्ष नीता अनिल सोनी ओर अन्य जिले की पदाधिकारी मुन्नी बाई मनोहर सोनी, अलका मनीष सोनी, ज्योति ऋतुराज सोनी सहित समाज की महिलाओं ने बधाई दी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और छोटे लोडिंग वाहनों से भरा नजर आया मंडी परिसर

# मंडी में 15 हजार क्विंटल उपज की आवक हुई, 4400 रुपए क्विंटल बिका शरबती गेहूं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आसपास के जिलों की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार सीहोर कृषि उपज मंडी इन दिनों गेहूं की दमक से चमक रही है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की आवक अब अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। सोमवार को मंडी परिसर में चारों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें नजर आईं। दिन भर में लगभग 15 हजार क्विंटल अनाज की आवक दर्ज की गई।

बता दें सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था। गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि सोमवार को कुल 805 वाहनों के माध्यम से उपज मंडी पहुंची। इसमें करीब 600 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 200 से अधिक लोडिंग वाहन (जैसे 207 और 407) शामिल थे। मंडी परिसर पूरी तरह वाहनों से खचाखच भरा रहा, जिससे नीलामी प्रक्रिया में भी काफी समय लगा।

**शरबती की चमक और दामों में तेजीः** मालूम हो कि सीहोर का शरबती गेहूं न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी गुणवत्ता, मिठास और चमक के लिए प्रसिद्ध है। सोमवार को हुई कुल आवक में सबसे अधिक आकर्षण शरबती गेहूं का रहा। शरबती गेहूं के भाव 3000 से लेकर 44 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। वहीं सामान्य गेहूं 2300 से 2800 प्रति क्विंटल के भाव पर बिकीं। बता दें शरबती की मांग देश के महानगरों जैसे मुंबईए दिल्ली और पुणे में अधिक होने के कारण किसानों को अच्छे दामों की उम्मीद है। मंडी के वरिष्ठ गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि नए गेहूं की आवक अब पूरी गति पकड़ चुकी है। उन्होंने कहा सीहोर मंडी अपनी पारदर्शिता और शरबती गेहूं की क्वालिटी के कारण किसानों की पहली पसंद है। वर्तमान में जो आवक शुरू हुई है, वह शुरुआती रुझान है। आने वाले एक-दो सप्ताह में यह आवक दोगुनी होने की संभावना है।

### कुल 15 हजार क्विं. आवक

- गेहूं: 12000 क्विंटल
- सोयाबीन: 2000 क्विंटल
- मक्का व अन्य: 1000 क्विंटल

### फसलों की कटाई हुई तेज

किसानों रामचंदर परमार ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की पैदावार अच्छी हुई है। होली के बाद और मौसम में आती गरमाहट के साथ ही फसलों की कटाई तेज हो गई है। आगामी दिनों में मंडी में आवक और बढ़ेगा। बता दें मंडी की इस रौनक से न केवल व्यापारियों के चेहरों पर खुशी है, बल्कि परिवहन व्यवसाय और मंडी से जुड़े मजदूरों को भी रोजगार मिल रहा है। मण्डी प्रबंधन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज की सुरक्षा के लिए तिरपाल साथ लाएं और मंडी के नियमों का पालन करें।

## चैत्र नवरात्रि को लेकर सज रहा मां बगलामुखी का दरबार, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर को चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर फूलों व विद्युत रोशनी से सजाया जा रहा है। मंदिर व परिसर क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिन से माता मंदिर में हजारों माता भक्त मंदिर पहुंचेंगे। जहां भक्तों द्वारा विशेष पूजन, अनुष्ठान कराए जाएंगे। पीतांबरा सेवा समिति द्वारा भक्तों के लिए निशुल्क भंडारे के साथ माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

**शक्ति की उपासना में रमेंगे श्रद्धालुः** इस वर्ष चैत्रीय नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक रहेगी। इस दौरान मंदिर में भक्तों की आस्था परवान चढ़ेगी एवं भक्त शक्ति की उपासना में रमेंगे। माँ बगलामुखी मंदिर सहित अंचल के कई देवी मंदिरों में पर्व के इन दिनों में कई धार्मिक आयोजन भी होंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर माँ बगलामुखी मंदिर परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सुसज्जित होकर अपनी छटा बिखेरेगा। माँ की भक्ति का पर्व नवरात्रि कल से प्रारंभ होने जा रही है जिसको लेकर नगर में स्थित विश्वप्रसिद्ध तांत्रिक माँ बगुलामुखी मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में है। मंदिर व परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। मंदिर को पीली व दूधिया रोशनी से रोशन किया जाएगा। धूप व गर्मी से भक्तों को बचाने के लिए मंदिर के बाहर शामियाने लगाए जा रहे हैं। नवरात्रि के नो दिनों तक दर्शन व्यवस्था त्रिशूल मंडपम से रहेगी जिसके लिए बेरिकेटिंग की जा रही है।

**कन्या पूजन के साथ होगा भंडारे का शुभारंभ :** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा माँ बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे समिति द्वारा माता रानी को छप्पन भोग लगाया जावेगा। उसके बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन होगा। कन्या पूजन के उपरांत भंडारा प्रारंभ किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम मंदिर में विधायक ने दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में द्वादशी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पंवार एवं विक्रम सिंह पंवार ने सपरिवार बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विधायक गायत्री राजे पंवार ने शीश के दानी बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार करवाया तथा श्रद्धा भाव से 56 भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर रहा, जहां भक्तों ने बाबा के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विक्रम सिंह पंवार ने राज परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर खाटू नरेश की आराधना की। इस दौरान पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई तथा बाबा श्याम की महाआरती उतारी गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन में विधायक गायत्री राजे पंवार एवं महाराज विक्रम सिंह पंवार का श्याम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति द्वारा सभी अतिथियों, भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर पीडब्ल्यूडी एसडीओ को शोकाज नोटिस

### सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में तालाबों को चिन्हांकित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विभिन्न विभागों में लम्बित सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी जिला अधिकारी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। शिकायतों के निराकरण के लिए तीन दिन का विशेष अभियान चलाए। उन्होंने कहा कि सी-ग्रेड में रहने वाले विभागों पर कार्रवाई की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में पीडब्ल्यूडी विभाग डी ग्रेड में होने पर कलेक्टर सिंह ने पीडब्ल्यूडी के सभी एसडीओ को एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर पीडब्ल्यूडी विभाग की रैंकिंग नहीं सुधरती है तो विभाग के सभी एसडीओ का वेतन काटने की कार्यवाही भी करें। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि सी ग्रेड में रहने वाले तहसीलदारों को शोकाज नोटिस दें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें, जिससे विभाग की रैंकिंग में भी सुधार हो।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने समग्र ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा कर शत प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। भू-आवंटन प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सिंह ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में तालाबों को चिन्हांकित कर तालाबों से अतिक्रमण हटवाएं। तालाबों के कैचमेंट एरिया में भी कोई अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। तालाबों में आने वाले पानी का मार्ग अवरुद्ध नहीं होना चाहिए। सिंह ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नल जल योजनाओं के पंप ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दें। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए अभी से ग्राम पंचायतों में बोरिंग अधिग्रहण का कार्य कर लें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सांसद निधि और विधायक निधि के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने जिला अधिकारियों को अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नोडल और नगरीय प्रशासन विभाग सह नोडल विभाग होगा।

अभियान में राजस्व, जल संसाधन, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, वन, जन अभियान परिषद, उद्योग एवं एमएसएमई, पर्यावरण, संस्कृत, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा तथा कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग भी सहभागिता कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों का क्रियान्वयन, खेत-तालाब और अमृत सरोवर निर्माण के कार्य किये जायेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल जीवन मिशन की सिंगल विलेज स्कीम के कार्य क्षेत्रों में भू-जल संवर्धन के कार्य और प्राचीन परम्परागत जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य भी करेगा।

अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा परिक्रमा पथ, गंगोत्री हरित परियोजना तथा "एक बगिया माँ के नाम परियोजना" के अंतर्गत गतिविधियां संचालित की जाएंगी। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगरीय विकास विभाग नगरीय निकायों में जल संग्रहण संरचनाओं का संवर्धन और हरित क्षेत्रों का विकास करेगा। अभियान के तहत नगरीय क्षेत्रों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जायेंगे।

नदियों में मिलने वाले नालों की शोधन प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा नदी, तालाब, बावड़ी का संवर्धन, नालों की सफाई, बड़े पैमाने पर पौधरोपण भी किया जाएगा। वातावरण निर्माण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैली गतिविधियां संचालित की जायेगी। सिंह ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्राम नल-जल योजनाओं के भूजल स्त्रोतों के रिचार्ज, पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई और रख-रखाव के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# कलेक्टर ने आरोपी संजय पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत की कार्रवाई

### अवैध पटाखे फैक्ट्री का कर रहा था संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने उदयनगर क्षेत्र में अवैध फटाके फैक्ट्री का संचालन करने वाले आरोपी संजय पिता विनोद शर्मा निवासी इन्दौर के विरूद्ध लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कलेक्टर सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा (2) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत आरोपी संजय विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है। आरोपी को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा।कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिसमें उल्लेख है कि संजय पिता विनोद शर्मा निवासी इन्दौर द्वारा थाना उदयनगर क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध फटाके फैक्ट्री को अवैध रुप से संचालित की जा रही थी, आरोपी के विरूद्ध थाना उदयनगर में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी द्वारा ग्राम पोलाखाल, थाना उदयनगर के आस-पास के ग्रामीणजन, मजदूर वर्ग एवं आदिवासी वर्ग के लोगों को साधारण से मानदेय 400 से 500 रूपये प्रतिदिन का लालच देकर उन्हें उक्त विस्फोटक सामग्री तैयार करने हेतु अपने यहाँ बिना किसी सुरक्षा एवं प्रशिक्षण दिये मजदूरी करवाई जा रही थी, जो कि उक्त विस्फोटक तैयार करने के लिए बनाई गई टपरीनुमा फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरो ने भी अपने कथनों में इस बात की पुष्टि की है। आरोपी मूल रूप से इन्दौर के निवासी होकर अपनी उक्त अवैध गतिविधि को इन्दौर एवं शहरी क्षेत्र से दूर इसलिए भी संचालित कर रहा था कि शासन द्वारा विस्फोटक सामग्री एवं उनके निर्माण स्थल के निरीक्षण हेतु जो दिशा निर्देश जारी किये गये है, उनसे बचकर इन्दौर से सुदुर ग्रामीण अंचल में उक्त खतरनाक व्यवसाय को संचालित कर सके।

### अभियान के संबंध कार्यशाला आज

**देवास।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी वैक्सीनेशन एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मीडिया प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में 18 मार्च 2026 को होटल रामाश्रय में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। कार्यशाला में एचपीवी वैक्सीनेशन एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी तथा मीडिया संवेदीकरण किया जावेगा।

# सर्व समाज की महिलाओं ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



15 मार्च रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व-समाज के साथ मिलकर मध्य प्रदेश महिला अध्यक्ष (ए.बीच.के.एम.) अनुपमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में सर्व समाज की महिलाओं ने मिलकर हर्षोल्लास से महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित एवं धरा कानूनगो द्वारा सरस्वती वंदना के आकर्षक नृत्य के साथ किया गया। भीषण संघर्षों एवं अपने अटूट आत्मविश्वास से जिन अकेली महिलाओं ने समाज में अपना एक विशिष्ट मुकाम बनाया, अपने बच्चों को योग्य बनाया उन्हें शॉल, माला और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न गुणों से परिपूर्ण महिला को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रकार के गेम्स, लकी ड्रा, पुरस्कार वितरण, प्रत्येक महिला को निश्चित उपहार दिया गया। अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को कुछ घंटों के लिए दरकिनार कर अपने स्वयं का जश्न मनाने को डी.जे. की धुन पर महिलाओं ने नृत्य कर, गाना सुनाकर, अपनी झिझक को छोड़ मंच पर अपने अनुभव को साझा कर एक दूसरे के साथ खुशियाँ बांटी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधा पाटीदार ने किया, स्वागत सीता श्रीवास्तव एवं रंजना दुबे ने किया एवं आभार अनुपमा वर्मा ने माना।

# आईटीआई कॉलेज में भूकंप जोखिम न्यूनीकरण संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल एवं आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय भूकंप जोखिम न्यूनीकरण कार्यशाला का आयोजन आईटीआई कॉलेज देवास में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय ने किया।कार्यशाला के प्रथम सत्र एनसीसी ऑफिसर केपी कॉलेज संजय गाड़गे, प्रोफेसर केपी कॉलेज संदीप नागर एवं प्राचार्य आईटीआई कॉलेज हेमंत दंडोतिया की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के प्रथम सत्र में भूकंप की तैयारी शमन और प्रतिक्रिया पर बुनियादी ज्ञान विकसित करने की जानकारी के साथ-साथ खोज बचाओ, प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित कौशल विकसित करना भूकंप के पूर्व भूकंप के दौरान एवं भूकंप के पश्चात आवश्यक तैयारी की जानकारी दी गई। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एवं एसडीआरएफ टीम द्वारा विद्यार्थियों को भूकंप के द्वारा खोज एवं बचाव की बारीक तकनीकियां आंतरिक एवं बाह्य परिदृश्य में बचाव के तरीके एवं आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा का अभ्यास विद्यार्थियों को कराया गया। कार्यशाला में लगभग 200 विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।प्रतिभागियों को भूकंप आपदा से संबंधित किट का वितरण किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में आपदा के जोखिम को कम करना, विशेष रूप से भूकंप के समय तैयारी से संबंधित रहा।

# पहली बार संस्था जन चेतना के नेतृत्व में चैत्र नवरात्र पर होगी माता प्रतिमा स्थापित, नौ दिवसीय महोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर के इतिहास में पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिवसीय आराधना की जाएगी। इस भव्य आयोजन को लेकर 'जन चेतना सामाजिक संस्था' द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन की जानकारी देने के लिए एबी. रोड स्थित रामाश्रय होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय तोमर ने बताया कि 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक चलने वाले इस महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 19 मार्च से 23 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से पाँच दिवसीय गरबा, महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद 24 मार्च से 26 मार्च तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा। 27 मार्च, शुक्रवार को शाम 6 बजे महाभोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन को प्रसादी वितरित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन आरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण भी किया जाएगा। महोत्सव का समापन 28 मार्च, शनिवार को शाम 4 बजे भव्य झांकी, आकर्षक झांकियों एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह के रूप में किया जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थल वीर सावरकर चौराहा, विकास नगर निर्धारित किया गया है। प्रेसवार्ता में उषा खत्री, अक्षरा तोमर, कविता सिसोदिया, नित्या प्रसाद, सुशीला तोमर, रतना मिश्रा, रितु सावनेर, माया मांझेर, कुसुम दीक्षित आदि ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी बात रखी। संस्था ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ने से किसान हैं चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि माह मार्च चल रहा है ऐसे में 28 मार्च तक सभी सेवा सहकारी संस्थाओं का ऋण किसानों को जमा करना है और एक तरफ मंडियों में एमएसपी से कम भाव में गेहूं में बिक रहा है, जो की किसानों के लिए चिंताजनक है। 16 मार्च से सरकार समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ करने वाली थी, लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण एक बार फिर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ा दी गई है।

यदि किसान ऋण की राशि 28 मार्च के पूर्व जमा नहीं करते हैं तो 10 प्रतिशत ब्याज देना होगा। ऐसे में मजबूरन किसानों को कम भाव में अपनी फसल बाजारों में बेचना पड़ रही है।

किसान चंपालाल पाटीदार ने बताया कि सरकार की नीति हमेशा किसानों के हित में नहीं रही है, यदि 16 मार्च से गेहूं खरीदी प्रारंभ हो जाती है तो किसानों के पास पैसा आ जाता है और आसानी से ऋण जमा कर सकता था, लेकिन सरकार के गलत निर्णय के कारण किसानों को मजबूरन बाजारों में कम भाव में अपनी फसल बेचना पड़ रही है। सरकार को ऋण जमा करने की तारीख 28 अप्रैल तक बढ़ाना चाहिए। किसान नारायण यादव ने बताया कि वर्तमान में अभी गेहूं निकालने का काम चल रहा है। आलू की फसल में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों कि आलू की फसल अभी भी घर पर पड़ी है, मंडियों में बीक नहीं रही है। मंडियों में दो-तीन रुपए किलो आलू बिक रहा है।

इस बार किसानों को फसलों का भाव नहीं मिलने के कारण किसानों की कमर टूट चुकी है। सरकार के गलत निर्णय के कारण किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सरकार सिर्फ भाषणों में किसानों के हित की बात करती है लेकिन वास्तविक स्थिति विपरीत है। पहले समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन करने के दौरान भी किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर भी कई किसानों के पंजीयन नहीं हो पाए हैं। ऋण जमा करने की तारीख बढ़ाकर किसानों को राहत देना चाहिए।

### वेतन, नियमितीकरण, पेंशन को लेकर कर्मचारियों ने दी चेतावनी

# कलेक्ट्रेट में लघु वेतन कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। संघ जिला अध्यक्ष जगदीश तंवर ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा पूर्व में भी कई बार ज्ञापन एवं आंदोलनों के जरिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन अब तक मांगों का समाधान नहीं हो सका है।

इससे देशभर के 'डी' ग्रुप कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। तंवर ने बताया कि 20 फरवरी 2026 को भोपाल में आयोजित महासंघ की बैठक में निर्णय लिया गया है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में मांगों का निराकरण नहीं हुआ या प्रतिनिधिमंडल को चर्चा हेतु नहीं बुलाया गया, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। 'डी' ग्रुप के अंतर्गत दैनिक वेतनभोगी, स्थायी कर्मी, अंशकालीन कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, आशा-उषा कार्यकर्ता, मध्यान्ह भोजन रसोइया, सफाई कर्मी तथा आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों की मांगें है कि 8वें वेतन आयोग में ग्रुप 'डी' कर्मचारियों को कम से कम 40 प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाए। श्रम विरोधी कानूनों को वापस लिया जाए। रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से की जाए आदि अन्य मांगे शामिल है। ज्ञापन के दौरान संयुक्त मोर्चा संवरक्षक गंगासिंह सोलंकी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, मुकेश चौधरी, जिला सचिव मुकेश चौधरी, तृतीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जगदीश चौधरी, बनेसिंह राजपूत, रामकिशन दांगी, मनोहर सिंह नागर, पुरूषोत्तम डोडिया, राजेन्द्र पुजारी, सतीष गोयल, परसराम जी, उमेश चौधरी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर साफ-सफाई के साथ हुई पेयजल की व्यवस्था



खबर का असर

**चापडा।** समीप प्राचीन चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर सोमवार को अव्यवस्थाएं देखी गई थी। कुंड मटमेले पानी से भरा हुआ था, जिसको लेकर हरिभूमि अखबार 17 मार्च के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर अधिकारियों को अवगत कराया था। इसके बाद जनपद सीईओ राजू मेढा द्वारा सख्ती दिखाते हुए संबंधित पंचायत करौंदिया को निर्देशित कर चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल की साफ सफाई कराई गई। जहां पर यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए पानी के टेंकर खड़े किए गए हैं। स्नान कुंड की साफ-सफाई कर पर्याप्त पानी भरा गया है। बता दे की भूतडी अमावस्या के अवसर पर हजारों की संख्या में यहां पर श्रद्धालु आएंगे और कुंड में स्नान करेंगे। अमावस्या के चार दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना यहां पर शुरू हो गया था।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने ब्रजलाल पिता मोहनलाल -यादव एवं लखन उर्फ लाखन पिता मोहनलाल यादव जाति अहीर, निवासीगण ग्राम टप्पासुकल्या तह. हाटपीपल्या जिला देवास म.प्र. से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की एक कृषिभुमि ग्राम हरजीपुरा प.ह.न. 22 तह. हाटपीपल्या जिला देवास म.प्र. मे सर्वे नं 70, 75, 74 रकबा क्रमशः 0.37, 0.33, 0.34 हैक्टर इस प्रकार कुल सर्वे नं 03, कुल रकबा 1.04 हैक्टर कृषिभुमि को क्रय करने का सौदा किया होकर प्रतिफल राशि में से आंशिक विक्रय धनराशि का भुगतान भी विक्रेतापक्ष को कर दिया गया है, यदि उक्त कृषिभुमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था निगम, शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार, डिक्री, अटेचमेन्ट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सप्रमाण इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिनो में लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। उक्त अवधि पश्चात् विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित मे करा लिया जावेगा एंव बाद म्याद कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही रहेगी। यही सुचित होवे।

भवदीय कपिल यादव एडव्होकेट
मो.न. 9826923263

## खबर संक्षेप

### खेत में महिला व परिवार पर हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द में महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मसौराखुर्द निवासी जगतरानी पत्नी हिम्मत रायकवार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 को वह अपने पति के साथ खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही सोनू, निलेश, बृजेश और जगदीश (पुत्रगण पप्पू राजपूत) ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला, उसके पति, पुत्र और पुत्रवधू के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता के अनुसार, इस घटना के बाद उसके पति का मेडिकल भी कराया गया। इसके बावजूद 15 मार्च 2026 को जब वह खेत में बोनी करने जा रही थीं, तब रास्ते में आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बीएनएस की धारा 352, 351(3) और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है।

### जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, सगे भाई और भतीजे ने युवक को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम दैलवारा में पुश्तैनी जमीन और घर के बंटवारे को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपने हिस्से की मांग करने पर एक व्यक्ति को उसके ही सगे भाई, भाभी और भतीजे ने बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दैलवारा निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ हल्के राजा (39 वर्ष) पुत्र स्व. बृजभान सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार (14 मार्च) की शाम करीब 7.30 बजे उन्होंने अपने बड़े भाई साहब सिंह से घर और खेत में अपना हिस्सा मांगा था। हिस्से की बात सुनते ही साहब सिंह आगबबूला हो गया। आरोप है कि साहब सिंह, उसकी पत्नी रेनुका राजा और पुत्र रिषी राजा ने धर्मेंद्र को भद्दी-भद्दी गालियाँ देनी शुरू कर दीं। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने एकराय होकर धर्मेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में धर्मेंद्र सिंह के सीधे हाथ में गंभीर चोट आई है, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी व बाहरी चोटें भी लगी हैं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। किसी तरह हमलावरों के चंगुल से अपनी जान बचाकर पीड़ित थाने पहुँचा और आपबीती सुनाई। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विद्युत, पेयजल, सफाई, सुरक्षा व यातायात को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# कोई नई परंमपरा शुरु नहीं होगी, सौहार्द और भाईचारे से मनाएंगे त्यौहारः डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




आगामी त्यौहारों कानून, शान्ति व्यवस्था एवं सौहार्द बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं और प्रबुद्धजनों के साथ पीस कमेटी की बैठक की और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने 19 मार्च से 26 मार्च तक चैत्र नवरात्रि, 20 मार्च को रमजान माह का अलविदा जुमा, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 26 मार्च को राम नवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयंती एवं अप्रैल माह में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के दायित्व तय करते हुए निर्देश दिये कि यहां के लोग हर त्यौहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाते आ रहे हैं, इसलिए हर त्यौहार पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी, किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त करने, निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति बनाये रखने, कम ऊँचाई पर लगे तारों की ऊचाई बढ़ाने, धार्मिक स्थलों के आसपास समुचित सफाई कराने व पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिये। उन्होंने यातायात प्रभारी को जुलूस व शोभा यात्राओं के रुट पर यातायात नियंत्रण करने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकांश नगरवासियों व प्रबुद्धजनों ने अमृत योजनान्तर्गत खोदी गई सड़कों पर रोष व्यक्त किया, जिस पर जिलाधिकारी ने जल निगम नगरीय के अधिकारियों को फटकार लगायी और 3 दिन का अल्टीमेट देते हुए सड़कें दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खराब सड़कों की सूची बना ली गई है, जल्द ही इनकी समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने आयोजकों व धर्मगुरुओं को त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी प्रशासन के आंख व कान हैं, प्रशासन को सही जानकारी देना आपका भी दायित्व है, त्यौहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा शुरु नहीं की जाएगी, सभी त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाये जायेंगे, जिला प्रशासन आपका पूरा सहयोग करेगा, आप भी जिला प्रशासन का सहयोग करें।

### मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई सुनिश्चित की जाए

*चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये। उक्त त्यौहार के दृष्टिगत शहर में अण्डा, मास की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जाये। नवरात्रि में जबारे तालाब पर विसर्जन किये जाते है, तालाब पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सघन चैकिंग अभियान चलायें और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखें। इसमें अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।*

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा...

## बंडई नदी पुनर्जीवन जागरुकता यात्रा एवं जल संरक्षण गोष्ठी हुई



ललितपुर। ( मडाबरा)

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मड़ावरा ब्लॉक में एक जनपद एक नदी के तहत चयनित बंडई नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख मड़ावरा चन्द्रदीप रावत के नेतृत्व में बंडई नदी के पुनर्जीवन के लिए जन जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ह्लनदी बचाओ-जीवन बचाओह्व जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। यात्रा के दौरान लोगों को नदी में कचरा न डालने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके पश्चात आयोजित गोष्ठी में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बंडई नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नदियाँ केवल जल का स्रोत ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन, कृषि और जैव विविधता की आधारशिला हैं।

क्षेत्रीय वनाधिकारी अशोक यादव ने गर्मी के मौसम जंगलों में लगने वाली आग के रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक किया ' बुंदेलखंड सेवा संस्थान के सचिव बासुदेव सिंह ने बताया कि बंडई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है और इसके लिए निरंतर अभियान चलाए जाएंगे। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी हृदेश अहिरवार ने सभी प्रतिभागियों से अपने स्तर पर नदी संरक्षण के प्रयासों में सहयोग करने की अपील की ' इस दौरान सभी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के लिए शपथ भी ली।

गरीब के साथ जालसाजी

## जमीन गिरवी रखने के नाम पर धोखाधड़ी, पांच पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट के ग्राम बरीखुर्द में एक गरीब व्यक्ति की जमीन को गिरवी रखने के बहाने जालसाजी कर फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने गांव के ही पांच रसूखदार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित प्रकाश वंशकार ने बताया कि उसने कुंआ खोदने के लिए बैंक से 10 हजार रुपये का ऋण लिया था। कर्ज न चुका पाने की स्थिति में गांव के ही हज्जू, हरीराम, कैलाश, गोपीलाल और सुरेश (पुत्रगण किशोरीलाल) ने उससे संपर्क किया। आरोपियों ने उसकी पट्टे वाली आराजी (संख्या 63 व 64, रकबा 1.672 हेक्टेयर) को गिरवी रखकर 34,000 रुपये देने का वादा किया ताकि वह बैंक का कर्ज चुका सके। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे केवल 14,000 रुपये दिए और इकरारनामा (गिरवी) के नाम पर छल-कपट से जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा अपने पक्ष में करा लिया। पीड़ित को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उसने 16 दिसंबर 2025 को रजिस्ट्रार कार्यालय में जांच कराई। रिपोर्ट के अनुसार, इस जमीन को बेचने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति भी नहीं ली गई थी, जो कि पट्टे की भूमि होने के कारण अनिवार्य थी। घटना के अनुसार, 7 दिसंबर 2025 को जब पीड़ित अपने खेत पर था, तब पांचों आरोपियों ने वहां आकर गाली-गलौज की और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 352, 131, 351(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक बलराम शर्मा को सौंपी गई है।

### जमीन विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** जिले के सौजना थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उल्दना कला निवासी मुलायम (उम्र करीब 27 वर्ष) ने थाना सौजना में शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च 2026 को करीब 11 बजे दिन में गांव के ही राजाराम ने उसके मकान के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मुलायम के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शिकायत में यह भी बताया गया है कि बीच-बचाव करने आई पीड़ित की पत्नी पुष्पा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। आरोपी ने जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए हाथ-पैर तोडने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान आसपास के लोग इक_ा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को सौंपी गई है।

### ललितपुर नपा में 5 मनोनीत सदस्यों की घोषणा, शासन ने जारी की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग-6 ने ललितपुर नगर पालिका परिषद के लिए मनोनीत सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज्यपाल की अनुमति के बाद प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिले के 5 प्रमुख व्यक्तियों को नगर पालिका में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार आजादपुरा निवासी जगभान सिंह लोधी, बसंत बिहार कालोनी निवासी तेजस्व, तालाबपुरा निवासी मनोहर सिंह यादव, सुरई घाट कॉलोनी निवासी पार्वती खटीक, पिसनारी बाग निवासी प्रकाश कुशवाहा के नामों की घोषणा की गयी है। यह नियुक्तियां उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-9 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद अब ये सदस्य नगर पालिका के विकास कार्यों और बोर्ड की बैठकों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इन नए मनोनयनों से स्थानीय राजनीतिक हलकों में उत्साह देखा जा रहा है। समर्थकों का मानना है कि अनुभवी लोगों के जुडऩे से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

पुलिस ने चलाया बड़ा अभियान, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया

## दबिश देकर 18 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले की पुलिस द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की गई। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में की गई। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर इन वारंटियों को पकड़ा गया। पकड़े गये वारण्टियों में मोहल्ला घुसयाना निवासी मुन्नी देवी पत्नी नसीम खां, जेल चौराहा निवासी शोभारानी पत्नी जगदीश प्रसाद, ग्राम मिर्चवारा निवासी अशोक पुत्र खरग, खिरकापुरा निवासी हन्नू पुत्र भगवान, ग्राम महर्रा निवासी जयपाल पुत्र राम प्रसाद, मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी शिवराज पुत्र चन्दन सिंह यादव, ग्राम सिलगन निवासी बसन्ता पुत्र परम, थाना सौजना के ग्राम नैकोरा चिम्मनलाल यादव पुत्र लाडले यादव, ग्राम कुसमाड़ निवासी कृष्णा ठाकुर पुत्र हरदेव सिंह, थाना नाराहट के ग्राम अर्जुन खिरिया निवासी सुन्दर पुत्र नन्दे, थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ निवासी पुष्पेन्द्र झां पुत्र ध्यान झां, तालबेहट के ग्राम बड़ाहार निवासी मलखान पुत्र



हरपाल, ग्राम उदगुवां के मजरा जबराताल निवासी जयदेव लोधी पुत्र बलदेव, थाना जखौरा के निवासी रगवर उर्फ रग्गा पुत्र झुन्ना, अशोक पुत्र रज्जूलाल, महरौनी के अंकुर पुत्र हरगोविन्द अहिरवार, ग्राम सैदपुर निवासी जगदीश पुत्र नन्नू, सौरभ पुत्र सोबरन सिंह बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार, सभी अभियुक्त विभिन्न धाराओं में वांछित थे। अभियान के तहत जनपद के कोतवाली, सौजना, नाराहट, पूराकलां, तालबेहट, जखौरा व महरौनी थाना क्षेत्रों में दबिश देकर इनकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

### घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी

तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के महरौनी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लदनिया निवासी शंकर (उम्र करीब 70 वर्ष) ने थाना महरौनी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च 2026 की शाम करीब 6.17 बजे गांव के ही चंदू, बब्बू और नितिन उसके घर पर आ गए। आरोप है कि तीनों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर शंकर के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीडित के अनुसार, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार गौतम को सौंपी है।

## पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोरों को दबोचा

**ललितपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना 16 मार्च 2026 की है, जब उपनिरीक्षक अमित कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। पुलिस टीम जब कड़ेसरा कलां तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झांसी की ओर से ललितपुर जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर करमई ओवरब्रिज के पास से बिना नंबर की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। मोटरसाइटिल पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने करीब एक माह पहले ललितपुर स्टेशन के पास से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान खान पुत्र रज्जाक खान और आकाश पुत्र किशोरी लाल, दोनों निवासी ग्राम पूराकलां रूप में हुई है। जब पुलिस ने उनसे वाहन के कागज मांगे, तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच में पता चला कि आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल की असली नंबर प्लेट हटा दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल (हीरो डीलक्स) बरामद कर ली है। तालबेहट पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार के साथ हेड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और अरविंद कुमार शामिल रहे।

### दक्षिण एक्सप्रेस में चोरी, सोते समय महिला का पर्स पार, दो मोबाइल और नकदी गायब

**ललितपुर।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला दक्षिण एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12722) का है, जहां फरीदाबाद से भोपाल की यात्रा कर रहे एक दंपत्ति की नींद का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने महिला का पर्स चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन से गुजर रही थी। शिकायतकर्ता पांडे अमन आनन्द, निवासी फरीदाबाद (हरियाणा), अपनी पत्नी पूजा सिन्हा के साथ कोच ए-1 की सीट संख्या 43 और 51 पर यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी ने अपना डार्क पर्पल रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गई थीं। जब ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली, तो पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में लगभग 37 हजार रुपये मूल्य का सामान था। इसमें एक रेडमी नोट 8 प्रो (कीमत 20 हजार रुपये), एक विवो प्लस (कीमत 12 हजार रुपये), 5 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी शामिल थे। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी थाना में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दहेज उत्पीड़न से परेशान युवक ने की आत्महत्या

ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मुकदमा

**ललितपुर।** जिले के जाखलौन थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां दहेज उत्पीडऩ से परेशान एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मादौन निवासी रामदीन अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र रामप्रसाद की शादी वर्ष 2019 में सागर (मध्य प्रदेश) निवासी भारती के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पत्नी भारती, ससुर मदन, सास क्रांति तथा साले कमलेश और निलेश द्वारा रामप्रसाद को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीडित परिवार के अनुसार, आरोपियों द्वारा 5 लाख रुपये की मांग की जा रही थी और रकम न देने पर पूरे परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती थी। लगातार प्रताडऩा से परेशान होकर रामप्रसाद ने 25 फरवरी 2026 को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि आत्महत्या से पहले मृतक ने एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने अपनी पीड़ा और ससुराल पक्ष द्वारा किए जा रहे उत्पीडऩ का जिक्र किया है। यह वीडियो परिजनों के पास सुरक्षित है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 108 और 308(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही मामला क्षेत्राधिकार के आधार पर मध्य प्रदेश के सागर जिले के मालथोन थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बढ़ते तापमान के दृष्टिगत जिलाधिकारी की हीटवेब एडवाइजरी

# लू से बचाव रखें और पानी की कमी न होने दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों के लिए हीट वेब एडवाईजरी (लू से बचाव) जारी करते हुए बताया है कि गर्मी में शरीर के दव्य बॉडी फल्यूड सूखने लगते हैं. शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। लू की सम्भावना सबसे अधिक शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम, अनियंत्रित मधुमेह की दशा में रहती है या ऐसी कुछ औषधिंया जैसे डाययूरेटिक, एंटीस्टामिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधिंयों के प्रयोग के कारण। उन्होंने लू (हीट वेव) के लक्षणों के बारे में बताया कि गर्म, लाल, पुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी,. व्यवहार में परिर्वतन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**उपरोक्त लक्षणें के चलते मनुष्यों के शरीर में निम्नलिखित प्रभाव पड़ता है-**

- 1. उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुँचता है तथा इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।
- 2. मनुष्य के हृदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होता है।
- 3. जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री से 105 डिग्री एफ0 या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं, तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है।

लु (हीट वेव) से बचने के उपाय (क्या करें और क्या ना करें)-

**क्या करें-**

- 1. प्रचार माध्यमों पर हीट वेवालू की चेतावनी पर विशेष ध्यान दें, विशेष रूप से गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टी0वी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहे।
- 2. अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगा हो, तो भी पानी पिये ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकें।
- 3. हल्के रंग के पसीना पोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।
- 4. धूप में गमछे, चष्में, छाता, टोपी व पैरों में बप्पल का उपयोग अवष्य करें।
- 5. अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करे।
- 6. लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें।
- 7. यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें।
- 8. शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है।
- 9. ओ0आर0एस0 घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें।
- 10. अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श
- 11. अपने घर को उण्डा रखें, पर्दें, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को उण्डा करने हेतु इसे खोल कर रखें (अपनी सुरक्षा का विषेश ध्यान रखते हुए)।
- 12. पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बार-बार अवश्यकतानुसार स्नान करें।
- 13. कार्य स्थल पर तण्डे पीने का पानी रखें और उसका नियमित उपयोग करते रहें।
- 14. कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी में जाने से बचने हेतु सावधान करें।
- 15. श्रमसाध्य कार्यों को उण्डे समय में करने कराने का प्रयास करें।
- 16. घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृति को बढ़ायें।
- 17. गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त एवं विशेष ध्यान रखें।

**क्या ना करें-**

- 1. धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को धूप न छोड़ें।
- 2. कड़ी धूप (खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक) के बीच सूर्य की रोशनी में जाने से बचें।
- 3. आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।
- 4. गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र ना पहने इससे से बचें।
- 5. जब गर्मी का तापमान ज्यादा हो तो श्रमसाध्य कार्य न करें।
- 6. नशीले पदार्थ, बराब/अल्कोहल के सेवन से बचें।
- 7. उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें।

## ग्रामीणों ने बाइक चोर को दबोचा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हौरीसर में ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक शातिर बाइक चोर को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपी ने एक ही रात में चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। शिकायतकर्ता पंकज सिंह उर्फ गौरव ने बताया कि 11 मार्च 2026 की रात उनके भाई शिवम प्रताप सिंह की हीरो स्प्लेंडर (यू.पी. 94 जेड 7458) घर के आंगन में खड़ी थी। सुबह जागने पर बाइक गायब मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। तलाश के दौरान पता चला कि गांव के ही राजेश लोधी की बाइक (यू.पी. 94 एस 8850) भी किसी ने घर से उठाई थी, जो पंकज के घर के पास लावारिस मिली। ग्रामीणों के सहयोग से जब संदिग्ध देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह निवासी देवरान, बार को पकड़ा गया, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। देवेन्द्र ने बताया कि उसने पहले राजेश की बाइक चोरी की थी, लेकिन चाबी न होने के कारण वह स्टार्ट नहीं हुई। इसके बाद उसने उस बाइक को वहीं छोड़ा और पंकज के घर की बाउंड्री में घुसकर वह बाइक चुरा ली जिसमें चाबी लगी हुई थी। आरोपी ने बताया कि चोरी की गई बाइक उसने ललितपुर में गल्ला मंडी के आगे एक मरम्मत की दुकान पर छिपाकर रखी है। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संचालनालय के कलेक्टर को जारी आदेश

# जिले के पात्र उपभोक्ताओं को मार्च व अप्रैल का एकमुश्त मिलेगा राशन

**इतना ही नहीं, आगे मई एवं जून का भी दिया जाएगा एकमुश्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत पात्र व्यक्तियों को मिलने वाले राशन के संबंध में अहम आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत पात्र उपभोक्ताओं को न केवल इस मार्च माह बल्कि अगले अप्रेल माह का राशन भी दिया जाएगा। दरअसल, मध्यप्रदेश सरकार की मंशा है कि आपात स्थिति हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### यह लिखा है आदेश में

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन वितरण 10 मार्च से 15 अप्रेल 2026 तक किया जाएगा। जिले के सभी राशन दुकान वितरकों/संचालकों को स्पष्टतः यह आदेश जारी हुआ है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

### मई, जून में भी ऐसा ही होगा

विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जारी निर्देशों के तहत उक्त दोनों महीनों मार्च एवं अप्रेल के उपरान्त 01 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच मई एवं जून दोनों महीनों का भी इकट्ठा राशन भी जिले के पात्र उपभोक्ताओं को किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो मार्च में अप्रेल का भी एवं मई में जून का भी राशन संबंधित उपभोक्ताओं को प्रदाय होगा।

### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

### सभी सेल्समैन को दे दिए गए हैं आदेश


उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई

**फैक्ट फाइल**

विभागः खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
जिले में कुल कार्डः 295971
कुल सदस्यः 1289817
फायदाः (1) मार्च और अप्रेल का इकटठा राशन मिलेगा।
(2) मई और जून का भी मई माह में एकमुश्त मिलेगा।

**इकट्ठा राशन दिया जाएगा**

हां यह सही है। शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मार्च और अप्रेल का इकट्ठा राशन पात्र कन्ज्यूमरों को दिया जाएगा। इसके उपरान्त मई माह में मई एवं जून का भी एकमुश्त राशन प्रदान करेंगे।
**अजीत कुमारी केसरी**, जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य विभाग, राजगढ़


खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय,

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, माल व बाइक जब्त

# रंजिश में रिश्तेदार ने की थी महिला की हत्या, जेवर लूटे, घोंटा था गला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

11 मार्च की रात करारिया थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है।

50 वर्षीय महिला सविता राजपूत की हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका ही रिश्तेदार निकला। जिसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए महिला को मौत के घाट उतारा। शमशाबाद निवासी आरोपी चंदन सिंह राजपूत उर्फ लल्लू (35) को करीब 5 साल पहले महिला के परिवार के कारण गांव छोड़ना पड़ा था। आरोपी महिला को पहले से जानता था और दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश भी थी। जब आरोपी को पता चला कि सविता राजपूत शादी में आई है तो वह एक दूसरे व्यक्ति के साथ शादी में पहुंच गया। वहां उसने शराब पी इसके बाद रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच वह सविता को अपने साथ ले गया।

गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे ले जाकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और करीब पांच लाख रुपए के जेवर उतार लिए। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया और अपने एक दोस्त के यहां रात बिताई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की चूड़ियां, चेन, झुमके, मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठियां बरामद की हैं। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## बागरी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 अप्रैल को

**जीरापुर**। नगर के आवास कॉलोनी में शनि मंदिर के पास स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम मंदिर में अखिल भारतीय बागरी समाज की बैठक का आयोजन हुआ। समाज के गणमान्यजनों की उपस्थित में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी दिनांक 2 अप्रैल 2026 को विवाह योग्य युवक-युवतियों हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति ने समाजजनों से अनुराध किया है कि वे 18 वर्ष की युवति एवं 21 वर्ष के युवक का पंजीयन सम्मेलन के लिए करवाएं। बैठक में सर्वसम्मति से मदनलाल परोलिया को सम्मेलन अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही बीरम सिंह काशीखेड़ी कोषाध्यक्ष, शिवनारायण गुजराती प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल टपरियाहेड़ी, मांगीलाल सरपंच, कालूसिंह कोडक्या, शिवलाल मीणागांव, बीरम सिंह काछीखेड़ी, देवसिंह बरमनखेड़ी, बालू सिंह, गणपतलाल, कालूसिंह पड़ि‍या, जगदीश नाइहेडा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

# मिलावट पर नकेल, कई स्थानों से लिए दूध-घी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व में दूध एवं दूध निर्मित घी सहित अन्य पदार्थों के मामले सामने आ चुके हैं। कईं डेयरियों से लिए गए सैंपल बाद में फेल निकले जिन पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने उचित कार्यवाही की। इसी कड़ी में सोमवार को क्षेत्र के गांव कड़लावद, लीमा चैहान, मांडू एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्र में मिलावट की जांच करने विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन जिलाधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि निरीक्षण के तहत दूध से भरे वाहनों को मौके पर ही रुकवाकर दूध के सैंपल लिए गए। सारंगपुर क्षेत्र में मिक्स लिक के दो नमूने गांव से आने वाले वाहनों से लिए गए। इसके साथ ही बृजवासी देसी घी का नमूना गणेश किराना स्टोर से लिया गया। संवासियां गांव में सांवरिया दूध डेयरी के संचालक राधेश्याम के द्वारा गांव से दूध एकत्रित कर लगभग 300 लीटर दूध सारंगपुर शहर स्थित विभिन्न डेयरी में लाकर बेचा जाता था। इलके परहल करे रास्ते में रुकवाकर दूध की जांच की गई एवं मिक्स मिल्क का नमूना लिया।



### लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे होगी कार्रवाई

इसके साथ ही सुल्तानपुरा गांव में अंकित बैरागी की श्रीराम दूध डेयरी से भी संदिग्घता के आधार पर दूध के सैंपल लिए गए। इस के साथ ही विराज भोजनालय, श्री गणेश किरण गुप्ता किराना गांधी चैक पर भी खाद्य पदार्थों की जांच की गई। जांच के दौरान मिलावटी होने की आशंका में बृजवासी के सैंपल भी लिए गए। सभी सैंपलों को जांच के लिए भोपाल लेबोरेट्री भिजवाया जा रहा है। लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# कलेक्टर का आदेश, सातों दिन खोली जाएं गैस एजेंसियां

**एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने प्रशासन सख्त**



**राजगढ़**। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्धेश्य से से जिले के समस्त गैस वितरकों, एजेंसियों को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आमजनमानस के जीवन यापन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित एलपीजी गैस की नियमित एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में जिले की समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सप्ताह के सभी सातों दिन अपनी एजेंसियां खुली रखें। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार एलपीजी गैस का वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार यह व्यवस्था जनहित को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि आम नागरिकों को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कंपनी ने काट दी लाइन...

# लोधीपुरा में छाया अंधेरा पानी को तरसे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

जिले के लखनवास क्षेत्र समीपस्थ ग्राम लोदीपुरा में विद्युत विभाग ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिजली बिल जमा न होने का हवाला देते हुए विभाग ने गांव के 11 केवी लाईन से जुड़े बिजली कनेक्शन के को ही काट दिया। विभाग की इस कार्यवाही के बाद न केवल पूरा गांव अंधेरे में साये में है बल्कि पेयजल के लिए भी आमजन परेशान हो रहे हैं।

### नल-जल योजना हुई ठप पीने के पानी का संकट

बिजली कटने का सबसे बुरा असर गांव की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। बिजली के अभाव में नल-जल योजना पूरी तरह बंद हो गई है जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। न केवल घरों में बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ गर्मी बढ़ रही है और हम अंधेरे के चलते सो तक नहीं पा रहे हैं। लोदीपुरा के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर तानाशाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने कार्रवाई से पहले न तो कोई लिखित आदेश दिया। न ही गांव में कोई सूचना दी गई। अचानक कनेक्शन काट देने से ग्रामीणों को सम्हलने तक का मौका तक नहीं मिला।

समय सीमा बैठक में जिलाधीश के निर्देश

# कर्तव्य के प्रति लापरवाहों को प्रशासन ने थमाए शोकाज नोटिस

**राजगढ़**। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के समाधान में सक्रियता बरतें तथा अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण ए-ग्रेड में सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में "संकल्पसेसमाधान" अभियान को गंभीरता से लेते हुए श्रम पदाधिकारी, नगरीय प्रशासन के जिम्मेदारों एवं स्वास्थ्य विभाग की मुखिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना एवं आर्थिकी सांख्यिकी विभाग को भी संकल्प से समाधान अभियान के पोर्टल पर योजनाओं की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से नियमित रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



# साध्वी आर्यिका विशाश्री माता का हुआ सारंगपुर नगर में भव्य मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत पुण्य और आध्यात्मिक उल्लास से भरा अवसर आया। आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज की रत्नत्रय चंद्रिका गणिनी आर्यिका संघ की अग्रणी साध्वी आर्यिका 105 विशाश्री माता का सारंगपुर में ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। संघ में आर्यिका माताजी सहित कुल 15 माताजी विहाररत हैं। संघ शाजापुर मार्ग से होते हुए सारंगपुर नगर में पहुंचा।

माताश्री के संध की अगवानी पर बड़ी संख्या में समाज जन कालीसिंध नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हो हुए एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ आर्यिका उनकी मंगल अगवानी की। इसके साथ ही समाजजनों ने विनयपूर्वक वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात संघ को नगर में प्रवेश कराया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आर्यिका माताजी को ससंघ बस स्टैंड स्थित एक परिसर में विराजित कराया गया। यहाँ समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक उनकी आहारचर्या सम्पन्न कराई गई। आहारचर्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया।



### 7 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन शुरू, 27 केंद्र निर्धारित किए गए

**गुना**। कलेक्टर द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 27 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 7 अप्रैल से प्रारंभ होगी। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में विकासखंड एवं तहसीलवार 27 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए हैं। जिनमें विखं गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. म्याना, नानाखेडी, करोद एवं गुना, विखं बमोरी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बमोरी, सेवा सहकारी समिति मर्या परवाह, सेवा सहकारी समिति कालोनी एवं पाडोन, विकासखण्ड आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या सालय, सालय 2, पनवाड़ी हाट विपणन सहकारी समिति आरोन, सेवा सहकारी समिति मूडराखुर्द, खजूरी खामखेड़ा, विखं राघौगढ अंतर्गत सेवा सहाकरी संस्था डोंगर, गावरी, रामनगर, मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. जामनेर को निर्धारित किया गया है।

**समाज के हित के लिए कार्य करने की सभी से अपेक्षा**

# फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष ने गठित की जंबोजेट कार्यकारिणी, दी हार्दिक बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फूलमाली पुष्पद समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने श्री राम मंदिर मुकेरवाड़ी में आहूत बैठक के दौरान अपनी जिला कार्यकारिणी गठित की है। जंबाजेट इस कार्यकारिणी में 05 संरक्षक, 30 सलाहकार, 10 जिला उपाध्यक्ष, 10 संगठन मंत्री, 01 जिला सचिव, 05 जिला सहसचिव, 05 जिला महामंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 20 राजनैतिक सलाहकार, 10 विधि सलाहकार सहित 20 लोगों की कोर कमेटी में शामिल किया है।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे तन, मन, धन से समाज के विकास और उन्नति हेतु कार्य करते रहेंगे। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र में अग्रसर करने के लिए समाज के लोगों की हर संभव मदद करने की अपेक्षा भी नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों से की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में रामचरण पुष्पद, एलएन पुष्पद कैलाश सुमन नरसिंहगढ,. जगदीश पुष्पद राजगढ़, महेश पुष्पद राजगढ़, कमल हिरनखेड़ा, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव रामपुरिया, सीताराम मालाकार जीरापुर, मनोज मालाकार खिलचीपुर, नीरज मालाकार, आनंद मालाकार, जगदीश पुष्पद ब्यावरा, राधेश्याम बागवान तारागंज, विष्णु पुष्पद तारागंज, महेश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद पचोर, सुनील पुष्पद पचोर, राधेश्याम, रवि, शिवनारायण पुष्पद, गोरेलाल पुष्पद, रमेश सिसोदिया, हीरालाल पुष्पद, गोपाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, धनसिंह पुष्पद, सुरेश पुष्पद, महेंद्र पुष्पद, कैलाश पुष्पद सहित अन्य शामिल हैं। समाज के लोगों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी, सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज हित हेतु कार्य करते रहने की अपेक्षा की है।

